# Dhanuka Agritech Limited

**Online**

**Date: 23rd January, 2021**

**Listing Department**
**National Stock Exchange of India Limited**
**Exchange Plaza,**
**Plot No. C/1, G. Block,**
**Bandra- Kurla Complex,**
**Bandra East, Mumbai-400 051**

**Corporate Relationship Department**
**BSE Limited.**
**1st Floor New Trading, Rotunda Building,**
**P J Towers, Dalal Street Fort,**
**Mumbai- 400 001**

**Ref: Symbol- DHANUKA**

**Scrip Code: 507717**

**Sub: Publication copy of Notice of Meeting of the Board of Directors -02nd February, 2021**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, please find enclosed herewith the copies of the Notice of Meeting of the Board of Directors which is scheduled to be held on 02nd February, 2021 were published in the following newspaper:

1. Business Standard (English) – All Editions
2. Business Standard- (Hindi)- All Editions

The above information is also available on the website of the Company www.dhanuka.com.

We hope you will find the same in order.

Thanking You,
Yours faithfully,

**For Dhanuka Agritech Limited**

Jitin Sadana

**Jitin Sadana**
**Company Secretary/ Compliance Officer**
**FCS- 7612**

Encl: a/a

**Registered Office :** 82, Abhinash Mansion, 1st Floor, Joshi Road, Karol Bagh, New Delhi-110005, Ph. : +91 011-23534551 & 23534557
**Corporate Office :** Global Gateway Towers, Near Guru Dronacharya Metro Station, MG Road, Gurugram -122002, Haryana
Tel.: +91-124-434 5000, E-mail : headoffice@dhanuka.com, Website : www.dhanuka.com
**CIN: L24219DL1985PLC020126**




Business Standard
Insight Out

To book your copy, call **022 4027 5432**
or SMS **reachbs** to **57575** or email us at **order@bsmail.in**

bsindia bsindia www.business-standard.com


## Dhanuka Agritech Limited

CIN: L24219DL1985PLC020126
**Regd. Office:** 82, Abhinash Mansion, 1st Floor, Joshi Road, Karol Bagh, New Delhi 110 005
**Phone No.:** 011-2353 4551 - 52
**Corp. Off.:** Global Gateway Towers, MG Road, Near Guru Dronacharya Metro Station, Gurugram - 122 002 | **Phone No.:** 0124 - 434 5000
**Email:** investors@dhanuka.com
**Website:** www.dhanuka.com

### NOTICE

Pursuant to the provisions of Regulation 47(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended time to time. Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Tuesday, 2nd February, 2021 via audio/ video conferencing,inter-alia to consider and approve the Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2020. This notice is also available at Company's Website and Website of BSE & NSE, respectively.

For **Dhanuka Agritech Limited**
Sd/-
**JITIN SADANA**
Company Secretary
Compliance Officer
FCS-7612

**Place :** Gurugram
**Date :** 21.01.2021

## SUPREME PETROCHEM LTD

CIN : L23200MH1989PLC054633
**Regd. Office**: Solitaire Corporate Park, Building No.11, 5th Floor, 167, Guru Hargovindji Marg, Andheri-Ghatkopar Link Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai - 400093 | **Tel. No.** : 022-67091900/66935927
**Fax No.** : 022-40055681 | **E-mail** : investorhelpline@spl.co.in | **Website** : http://www.supremepetrochem.com

### EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2020

(Rs. in Lakhs except earnings per share)

| | Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Previous Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2020 | 30.09.2020 | 31.12.2019 | 31.12.2020 | 31.12.2019 | 31.03.2020 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 92972.41 | 69405.71 | 62176.42 | 191604.88 | 206134.78 | 272424.53 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and /or Extraordinary items) | 23321.55 | 11210.53 | 267.63 | 33268.32 | 8732.31 | 11789.79 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 23321.55 | 11210.53 | 267.63 | 33268.32 | 8732.31 | 11789.79 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 17152.10 | 8615.32 | 207.33 | 24578.96 | 7914.07 | 10265.28 |
| 5 | Total comprehensive income for the period {Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)} | 17152.10 | 8615.32 | 207.33 | 24578.96 | 7914.07 | 10208.85 |
| 6 | Equity Share Capital | 9402.07 | 9402.07 | 9650.20 | 9402.07 | 9650.20 | 9643.61 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year | - | - | - | - | - | 57684.10 |
| 8 | Earnings Per Equity Share of Rs.10/- each | | | | | | |
| | Basic | 18.24 | 9.16 | 0.21 | 26.14 | 8.20 | 10.64 |
| | Diluted | 18.24 | 9.16 | 0.21 | 26.14 | 8.20 | 10.64 |

**Note**

1 The above is an extract of the detailed format of the Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter and Nine Months Ended December 31, 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the said unaudited results are available on the website of Stock Exchanges (**www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**) and on Company's website : **www.supremepetrochem.com**

for **Supreme Petrochem Ltd**
SD/-
**M P Taparia**
Chairperson

Place: Mumbai
Date: 21-01-2021

Please visit us at http://www.supremepetrochem.com

## TEJAS® NETWORKS

**Tejas Networks Limited**

Registered and Corporate Office: J.P. Software Park, Plot No. 25, Sy. No. 13, 14, 17 and 18, Konnapana Agrahara Village, Begur Hobli, Bengaluru 560 100, Karnataka, India.
Corporate Identity Number: L72900KA2000PLC026980 | Tel: +91 80 4179 4600; Fax: +91 80 2852 0201 E-mail: corporate@tejasnetworks.com | Website: www.tejasnetworks.com

### Powering Global Data and Broadband Networks




### Designed and **Made-in-india** for the **World**

**Extract of Consolidated Unaudited Results for quarter and nine months ended December 31, 2020** (₹. in crore except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended December 31, 2020 | Nine months ended December 31, 2020 | Quarter ended December 31, 2019 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations* | 134.88 | 325.05 | 86.66 |
| 2 | Net Profit/(Loss) before tax | 9.23 | 3.99 | (14.78) |
| 3 | Net Profit/(Loss) after tax | 9.23 | 3.99 | (112.06) |
| 4 | Total Comprehensive Income/(Loss) for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period after tax and Other Comprehensive Income/(Loss) after tax) | 9.43 | 4.81 | (111.99) |
| 5 | Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- each) | 96.07 | 96.07 | 95.42 |
| 6 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - |
| 7 | Earnings/(Loss) per Share ( of ₹ 10/- each)<br>(i) Basic ₹<br>(ii) Diluted ₹ | <br>0.99<br>0.97 | <br>0.43<br>0.43 | <br>(12.16)<br>(12.16) |

**Notes**

1 Key Standalone Financial Information of the company is given below:

| Particulars | Quarter ended December 31, 2020 | Nine months ended December 31, 2020 | Quarter ended December 31, 2019 |
|---|---|---|---|
| Total Income from operations* | 134.71 | 323.33 | 85.32 |
| Net Profit/(Loss) before tax | 9.24 | 3.87 | (14.61) |
| Net Profit/(Loss) after tax | 9.24 | 3.87 | (111.89) |

2 The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (as amended). The full format of the Quarterly financial results are available on the website of the Stock Exchange(s) and the Company (www.tejasnetworks.com).

3 In July, 2017, the Income Tax Department (Department) initiated proceedings under Section 132 of the Income tax Act, 1961 (IT Act) and in March 2018, also sent a show cause notice to the company under Section 276(C) of the IT Act. The Company and its officials fully co-operated with the Department. During FY 2018-19, the Company and certain officers of the Company had received Summons under various sections of the IT Act from the Special Court for Economic Offences, to which the Company has responded. Post the ongoing proceedings initiated by the Department, during FY 2019-20 and in the current financial year, certain other agencies sent notices as part of their preliminary inquiries, which were duly responded by the Company and its officials. During FY 2019-20, the Company received notices of demand from the Department for additional tax payable amounting to ₹. 25.62 crore for AY 2017-18 (after adjusting the carried forward losses from earlier years) under Section 156 of the IT Act after making additions of various items to taxable income as per assessment orders issued under Section 143(3) read with Section 153A of the IT Act. The Department also issued show cause notices for initiating penalty proceedings under Section 274 read with Section 270A/ 271(1)(c)/ 271AAB(1A) of the IT Act and the Company has filed a stay application against the penalty proceedings. The Company had also received a demand order for AY 2018-19 for additional tax payable amounting to ₹. 0.48 crore. Following the Company's application for rectification of apparent computation errors in the aforesaid demand notices, during the quarter ended September 30, 2020 the Company received rectification orders u/s 154 of the IT Act for AY 2012-13 to AY 2018-19 under which the Company now has a cumulative net refund position for AY 2017-18 and AY 2018-19, after corrections were made by the Assessing Officer to the amounts of carry forward losses and TDS in respect of earlier assessment years. The Company has also challenged the orders passed by the Assessing Officer (AO) by filing an appeal with the Commissioner of Income Tax (Appeals) against additions of various items to taxable income for the relevant earlier assessment years. The Company is of the view that the outcome of these proceedings/ notices/ summons will not have any material adverse impact on the Company's financial results.

4 On July 4, 2018, the Company had received an Order from the Customs Excise and Service Tax Appellate Tribunal (CESTAT) with respect to applicability of excise duty on the software used as part of the Multiplexer products during FY from 2002-03 to 2009-10. The aforesaid CESTAT Order dealt with an earlier Order received during the FY 2010-11 with associated demand of ₹. 11.87 crore and various show cause notices on a similar matter received in earlier financial years leading to an additional demand of ₹. 24.88 crore i.e. a total demand of ₹. 36.75 crore. The aforesaid CESTAT Order was a culmination of the various appeals filed by both the Company and the Department of Central Excise in respect of both the earlier order and the show cause notices mentioned above that were heard by the Commissioner of Central Excise and CESTAT.
According to the aforesaid CESTAT Order, the value of software is to be included for the purpose of arriving at the assessable value for calculating the excise duty liability on the product. Accordingly, CESTAT had remanded the matter back to the adjudicating authority in June 2018 for quantifying the differential duty liability, interest and penalties.
The adjudicating authority vide its order dated October 31, 2019 passed an order quantifying the differential duty liability and penalty amounting to ₹. 42.92 crore (which includes the demand of ₹. 36.75 crore by CESTAT as mentioned above) and ordering recovery of appropriate interest. Additionally, the adjudicating authority has also imposed penalty on certain officers of the Company amounting to ₹. 0.90 crore. The total demand, in respect of this matter, as per the Order of the adjudicating authority, aggregates to ₹. 43.82 crore.
The Company had earlier filed a Miscellaneous Application with CESTAT on August 19, 2018 challenging the aforementioned CESTAT Order passed in July 2018. Pursuant to the quantification order of the adjudicating authority in October 2019 as stated above, the Miscellaneous Application has been withdrawn by the Company as the Company has filed a fresh appeal dated February 6, 2020 before the CESTAT against the order of the adjudicating authority dated October 31, 2019. The Company had also filed a Civil Application on September 24, 2018 under section 35L of the Central Excise Act, 1944 along with a stay application before the Hon'ble Supreme Court of India against the aforesaid CESTAT order passed in June 2018. The same continues to remain pending for final hearing.
The Company had, in previous years, also received show cause notices, from the Department of Central Excise in respect of FY 2010-11 to 2013-14 on a similar matter amounting to ₹. 3.01 crore which are not part of the orders discussed above and for which the company had provided its response. Based on Management's assessment, supported by an external legal opinion, Management has concluded that the Company has a strong case to defend its position in the above matters and accordingly, no provision has been made in these financial results.

5 At December 31, 2020 the Company has overdue trade receivables (i.e. due for more than 180 days from the due date for payment), aggregating to ₹. 168.36 crore (net of provision) (at September 30, 2020: ₹. 175.75 crore) of which the amount due from public sector customers (including from BSNL for Bharatnet project) is ₹. 125.09 crore (at September 30, 2020: ₹. 133.17 crore). Management has taken the necessary steps to expedite collections from the concerned customers. Having regard to the good past history of collections from such customers, Management believes that the aforesaid net receivables as at December 31, 2020 are fully recoverable and hence no additional allowances for credit losses are considered necessary.

6 The spread of COVID-19 continues to impact businesses around the globe and has led to disruption in regular business operations due to lock-downs, disruptions in transportation, supply chain, travel restrictions, quarantines, social distancing and other measures. The Company is in the business of providing optical and data transmission equipment to telecom service providers. While the COVID 19 related uncertainties has impacted the Company's financial performance in the current financial year, Management believes that the demand for the company's products will continue to rise in line with higher investments that telecom operators are making to address the demand for fiber-based home broadband connections and to upgrade their network capacities, to cater to higher data traffic arising from increasing trend of work-from-home, learn-from-home and other data-intensive services. Since telecom networks have been identified as an essential service, the Company has been able to provide continued delivery of products and technical support to its customers in India and worldwide, so that their network uptime remains high. During the quarter, the Company continued to encounter delays in fulfilling certain customer orders in hand, delays in collection of certain trade receivables and delays in closing business from new customers, although the situation is gradually improving. The Company has made an assessment of its liquidity position for the next one year and of the recoverability and carrying values of its assets comprising Property, Plant and Equipment, Intangible assets, Trade receivables, Inventory, and Investments as at the quarter ended December 31, 2020, and has concluded that there are no material adjustments required in these financial results. Management believes that it has taken into account all the possible impact of known events arising from COVID 19 pandemic in the preparation of the financial results. However, the impact assessment of COVID 19 is a continuing process given the uncertainties associated with its nature and duration. The eventual outcome of the impact of the pandemic may be different from that estimated by the management as on the date of the approval of these financial results. The company will continue to monitor any material changes to future economic conditions.

* Excludes other income

*For and on behalf of the Board of Directors*

***Sd/-***
**Sanjay Nayak**
CEO and Managing Director (DIN: 01049871)

**Place: Bengaluru**
**Date: January 20, 2021**

## संक्षेप में

### लग्जमबर्ग की कंपनी का अदाणी समूह संग करार

टीके के लिए कोल्ड चेन और मेडिकल रेफ्रिजरेशन क्षेत्र में काम करने वाली लग्जमबर्ग की कंपनी बी मेडिकल सिस्टम्स ने भारत में अपनी विनिर्माण इकाई इकाई और प्रौद्योगिकी के लिए अदाणी समूह के साथ एक समझौता किया है। अदाणी समूह के साथ हस्ताक्षर किए गए सहमति ज्ञापन में मुंद्रा एसईजेड और घरेलू शुल्क क्षेत्र दोनों में एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करना, कोविड-19 टीके के परिवहन के लिए घरेलू एवं वैश्विक स्तर पर लॉजिस्टिक्स प्रदान करना और पूरे भारत में अदाणी समूह के हवाई अड्डों पर फार्मा एक्सीलेंस सेंटर बनाना शामिल हैं। इससे भारत में अत्याधुनिक सौर ऊर्जा संचालित टीका लॉजिस्टिक्स समाधान तैयार करने के लिए तकनीकी सहयोग भी बेहतर होगा। *बीएस*

### टाटा मोटर्स के यात्री वाहन हुए महंगे

टाटा मोटर्स ने अपने यात्री वाहनों के दाम बढ़ा दिए हैं। उत्पादन लागत में बढ़ोतरी और सेमीकंडक्टर की कीमतों में वृद्धि की वजह से कंपनी ने यह कदम उठाया है। टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा, उत्पादन की लागत में बढ़ोतरी, इस्पात, कीमती धातुओं तथा सेमीकंडक्टर की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से कंपनी को इसका कुछ बोझ ग्राहकों पर डालना पड़ रहा है। इससे पहले मारुति सुजूकी और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा जैसी वाहन कंपनियां भी कीमतों में वृद्धि कर चुकी हैं। टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने अपने विभिन्न मॉडलों के दाम 26,000 रुपये तक बढ़ाए हैं। *भाषा*

# येस बैंक को 151 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**बीएस संवाददाता**
मुंबई, 22 जनवरी




निजी क्षेत्र के ऋणदाता येस बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 151 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़ने से मुनाफे को बल मिला। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक ने 18,560 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था। क्रमिक आधार पर बैंक के शुद्ध लाभ में 16.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। बंबई स्टॉक एक्सचेंज पर बैंक का शेयर आज 1.56 फीसदी बढ़त के साथ 90.9 रुपये पर बंद हुआ।


सितंबर 2020 तिमाही के मुकाबले दिसंबर तिमाही में बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन 29.7 फीसदी बढ़कर 2,560 करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईआई) भी सितंबर 2020 तिमाही के मुकाबले 30 आधार अंक बढ़कर 3.4 फीसदी हो गया। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि शुद्ध ब्याज मार्जिन मौजूदा स्तर पर संभवत: बरकरार नहीं रहेगा क्योंकि परिसंपत्ति गुणवत्ता की स्थिति पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ब्याज आय में कमी आएगी।

तिमाही के दौरान बैंक की गैर-ब्याज आय सितंबर 2020 तिमाही के मुकाबले 69 फीसदी बढ़कर 1,197 करोड़ रुपये हो गई। खुदरा शुल्क में उल्लेखनीय वृद्धि से इसे सहारा मिला। तिमाही के दौरान बैंक के प्रावधान कवरेज अनुपात में भी सुधार हुआ। तिमाही के दौरान एनपीए के लिए प्रावधान कवरेज अनुपात बढ़कर 76.8 फीसदी हो गया। तिमाही के दौरान जमा 7.7 फीसदी बढ़कर 1,46,233 करोड़ रुपये हो गई जबकि पूंजी पर्याप्तता अनुपात 19.5 फीसदी रहा। बैंक ने इक्विटी जुटाने संबंधी योजना पर मंजूरी के लिए 2 मार्च 2021 को शेयरधारकों की बैठक आयोजित करेगी।

### इंडियन बैंक का मुनाफा 514 करोड़ रुपये

ब्याज मार्जिन में सुधार के कारण दिसंबर तिमाही में इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ 514 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले साल की समान अवधि में बैंक ने 1,739 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया था। क्रमिक आधार पर बैंक के शुद्ध लाभ में 25 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई। बीएसई पर बैंक का शेयर 1.56 फीसदी की बढ़त के साथ 90.90 रुपये पर बंद हुआ।

1 अप्रैल 2020 को इलाहाबाद बैंक का विलय इंडियन बैंक में हो गया और इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही व मार्च 2020 के संयुक्त वित्तीय आंकड़े दोनों बैंकों के अंकेक्षित आंकड़ों के समेकन के जरिए तय हुए हैं। बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन तीसरी तिमाही में 31 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 4,313 करोड़ रुपये पर पहुंच गा, जो पिछले साल की समान अवधि में 3,293 करोड़ रुपये रहा था। इस अवधि में शुद्ध ब्याज मार्जिन 42 आधार अंकों की बढ़ोतरी के साथ 3.13 फीसदी पर पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 2.71 फीसदी रहा था। बैंक की गैर-ब्याज आय इस अवधि में हालांकि घटकर 1,397 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 1,673 करोड़ रुपये रही थी। बैंक ने एक बयान में कहा कि इसकी वजह निवेश बिक्री पर कम लाभ और फंसे कर्ज की कम वसूली रही।




तीसरी तिमाही में प्रावधान 2,585 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 4,555 करोड़ रुपये रहा था। दिसंबर तिमाही में प्रावधान कवरेज अनुपात 86.51 फीसदी रहा।

बैंक की प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी पदमजा चुंडरू ने कहा कि बढ़त को सहारा देने के लिए बैंक सही तरह से पूंजीकृत है और अभी उसे पूंजी की दरकार नहीं है। उन्होंने कहा कि बैंक के निदेशक मंडल ने इक्विटी के जरिए 4,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जो मुख्य रूप से सरकार की हिस्सेदारी घटाकर 75 फीसदी से नीचे लाने के लिए है।

### एसबीआई लाइफ का शुद्ध लाभ घटा

बीमा कंपनी एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 40 फीसदी घटकर 232.85 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 389.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

तिमाही के दौरान दमदार निवेश आय और प्रीमियम आय के बावजूद मुनाफे को झटका लगा। तिमाही के दौरान बीमा कंपनी की शुद्ध ब्याज आय 17.71 फीसदी बढ़कर 13,766.49 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 11,694.51 करोड़ रुपये रही थी। इसी प्रकार निवेश से होने वाली आय 213 फीसदी बढ़कर 12,776.49 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 4,073.26 करोड़ रुपये रही थी।

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 4 फीसदी बढ़कर 920 करोड़ रुपये हो गया। जबकि इस दौरान उसकी शुद्ध हैसियत 19 फीसदी बढ़कर 10,130 करोड़ रुपये हो गई। इस दौरान बीमा कंपनी की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 28 फीसदी बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपये हो गईं।

### जेएसडब्ल्यू स्टील का शुद्ध लाभ कई गुना बढ़ा

जेएसडब्ल्यू स्टील ने वित्त वर्ष 2020-2021 की तीसरी तिमाही में 2,669 करोड़ रुपये के समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया है। यह कंपनी द्वारा पूर्ववर्ती वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज किए गए 187 करोड़ रुपये के समेकित मुनाफे के मुकाबले कई गुना ज्यादा है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान समेकित कुल आय 22,006 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2019-20 की समान अवधि में 18,181 करोड़ रुपये थी।

शुक्रवार को कंपनी का शेयर 4.37 प्रतिशत गिरकर 375.60 रुपये पर बंद हुआ।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने इस्पात क्षेत्र के बारे में मजबूत नजरिया प्रकट करते हुए कहा, 'मजबूत आर्थिक रफ्तार की मदद से भारतीय इस्पात मांग बढ़ी है। घरेलू इस्पात मिलों ने इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए निर्यात में बड़ी कमी की है।'

कंपनी ने यह भी कहा है कि वह जल्द ही कई परियोजनाएं शुरू करेगी। कंपनी ने कहा है, 'डोल्वी संयंत्र की क्षमता मौजूदा 50 लाख टन सालाना से बढ़ाकर 1 करोड़ टन सालाना पर लाने से जुड़ी परियोजना पूरी होने के करीब है और इसमें ज्यादातर परिचालन चालू तिमाही में शुरू हो जाएगा। पूरी तरह परिचालन वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में होने लगेगा।'


**धनुका एग्रिटेक लिमिटेड**
CIN: L24219DL1985PLC020126
**पंजीकृत कार्यालय:** 82, अविनाश मैन्शन, प्रथम मंज़िल जोशी रोड, करोल बाग, नई दिल्ली 110 005
**फोन नं.:** 011-2353 4551-52
**कॉर्पो. कार्यालय:** ग्लोबल गेटवे टॉवर्स, एमजी रोड, गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन के पास गुरुग्राम-122 002 । **फोन नं.:** 0124-434 5000
**ईमेल:** investors@dhanuka.com
**वेबसाइट:** www.dhanuka.com

**सूचना**

सेबी (सूचीयन बाध्यताएँ एवं प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 47(1) के प्रावधानों के अनुसार समय-समय पर संधोधित अनुसार, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के लिए अन्य बातों के साथ-साथ अलेखापरीक्षित स्वचलित एवं समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार करने एवं अनुमोदित करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन मंगलवार, 2 फरवरी, 2021 को ऑडियो/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। यह सूचना क्रमशः कंपनी की वेबसाइट एवं बीएसई और एनएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**कृते धनुका एग्रिटेक लिमिटेड**
हस्ताक्षर
**जीतिन सदाना**
कंपनी सचिव
अनुपालन अधिकारी
एफसीएस-7612
**स्थान:** गुरुग्राम
**तिथि:** 21.01.2021


## एम्मार ने एमजीएफ पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**अर्णव दत्ता**
नई दिल्ली, 22 जनवरी

**दुबई** की रियल एस्टेट दिग्गज की स्थानीय सहायक एम्मार इंडिया ने अपने पुराने साझेदार एमजीएफ डेवलपर्स पर धोखाधड़ी और दिल्ली की जमीन के अवैध हस्तांतरण का आरोप लगाया है। एम्मार का आरोप है कि एमजीएफ के प्रवर्तक श्रवण गुप्ता व अन्य सहायक 500 करोड़ रुपये की इस जमीन को बेचने की कोशिश कर रहे हैं।

उनके मुताबिक, 4.48 एकड़ की यह जमीन ओखला इलाके में है और यह विभिन्न संपत्तियों के अवैध हस्तांतरण का हिस्सा है जो एमजीएफ के साथ संयुक्त उद्यम के दौरान 2005 से 2016 के बीच हुआ था। कंपनी ने कहा, भरोसेमंद सूत्रों में हमें सूचित किया है कि एमजीएफ ओखला जमीन का सौदा कर सकती है। हम एमजीएफ समूह, एसएसपी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड, श्रवण गुप्ता, शिल्पा गुप्ता या उनके कोई अन्य सहायकों या संबंधित इकाइयों या व्यक्ति के साथ सौदे के खिलाफ लोगों को आगाह करना चाहते हैं। यह नोटिस खास तौर से ओखला (मथुरा रोड, नई दिल्ली) में 4.88 एकड़ जमीन को लेकर है। साल 2008 में इसकी कीमत करीब 500 करोड़ रुपये थी और आज इसकी कीमत और भी ज्यादा हो सकती है। आरोप है कि जब एम्मार ने संयुक्त उद्यम इकाई एम्मार इंडिया के प्रबंधन पर नियंत्रण हासिल किया तो उसने कई अनधिकृत संबंधित पक्षकार लेनदेन पाया।

## आईएलऐंडएफएस बोर्ड ने 32 हजार करोड़ रुपये का कर्ज घटाया

**सुब्रत पांडा**
मुंबई, 22 जनवरी

- अपने इनविट के लिए कंपनी ने सभी मंजूरियां हासिल कीं हैं और इन्हें जल्द पेश किया जाएगा
- बोर्ड और प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2022 तक कर्ज 56,000 करोड़ रुपये के स्तर तक लाने का लक्ष्य रखा है

**इन्फ्रास्ट्रक्चर** लीजिंग ऐंड फाइनैंशियल सर्विसेज (आईएलऐंडएफएस) के बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि उसने समूह के करीब 1 लाख करोड़ रुपये के कर्ज भार में से 32,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

कंपनी को अपना इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश ट्रस्ट (इनविट) पेश करने के लिए भी मंजूरी मिल गई है जिससे उसे करीब 13,000 करोड़ रुपये का कर्ज निपटाने में मदद मिलेगी। कंपनी को सेबी का पंजीकरण प्रमाण पत्र, आईएलऐंडएफएस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क्स (आईटीएनएल) की लेनदारों की समिति से पहले चरण की परिसंपत्तियां स्थानांतरित करने की मंजूरी, और इनविट के लिए सीसीआई मंजूरी प्रक्रिया के लिए हरी झंडी हासिल करने में मदद मिली है। पिछले साल जून में आईएलऐंडएफएस के बोर्ड ने समूह के ऋण का करीब 57 प्रतिशत हिस्सा सुलझाने के लिए रूपरेखा बनाई थी।

आईएलऐंडएफएस के बोर्ड और प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2022 तक कंपनी का कर्ज 56,000 करोड़ रुपये के स्तर तक बनाए रखने का लक्ष्य रखा है। 32,000 करोड़ रुपये की ऋण पूंजी में 21,600 करोड़ रुपये नकदी बैलेंस और करीब 10,300 करोड़ रुपये दिवालिया पंचाट और अपीली पंचाट में दायर समाधान एवं पुनर्गठन आवेदनों के तहत शुद्ध वसूली से संबंधित है, जिनके लिए मंजूरियों का इंतजार किया जा रहा है। सितंबर से कर्ज समाधान आधरित नकदी बैलेंस 2,500 करोड़ रुपये तक बढ़ा है, क्योंकि इसे आईएलऐंडएफएस सोलर पावर द्वारा करीब 780 करोड़ रुपये की निपटान राशि, आईएलऐंडएफएस तमिलनाडु पावर द्वारा दरों के भुगतान के तौर पर 1,190 करोड़ रुपये और समूह से अलग कर्जदारों से आईएलऐंडएफएस वित्तीय सेवाओं (आईफिन) में 300 करोड़ रुपये की रिकवरी से मदद मिली है। एनसीएलटी और एनसीएलएटी के समक्ष पेश समाधान एवं रिकवरी आवेदनों में सकल समाधान वैल्यू 14,400 करोड़ रुपये की है। इसमें 7,550 करोड़ रुपये मूल्य की तीन सड़क परिसंपत्तियां, आईएलऐंडएफएस तमिलनाडु पावर का करीब 4,990 करोड़ रुपये में पुनर्गठन, और कीरतपुरनर चौक एक्सप्रेसवे लिमिटेड और फैगने सोनगढ़ एक्सप्रेसवे लिमिटेड द्वारा प्राप्त होने वाली राशि के निपटान से संबंधित 1,370 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। अक्टूबर, 2020 से, कंपनी का नया बोर्ड कई सकारात्मक बदलाव लाने में सफल रहा है। इनमें ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी में आईएलऐंडएफएस समूह की हिस्सेदारी के लिए 3,800 करोड़ रुपये से अधिक की रिकवर वैल्यू के साथ बोली प्रक्रिया पूरी करना शामिल है।

## सख्त नियमन दायरे में आएंगी एनबीएफसी

पृष्ठ 1 का शेष...

**मौजूदा** एनबीएफसी को इनके क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। जहां तक इन एनबीएफसी के कॉर्पोरेट संचालन की बात है तो परिपत्र में कहा गया है कि उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले मानकों का पालन करना होगा। पत्र के अनुसार किसी एक इकाई का दबदबा रोकने के लिए उन्हें मालिकाना हक से जुड़ी संरचना में भी बदलाव करना होगा। पत्र में कहा गया है कि आंतरिक बोर्ड से मंजूर नीति के आधार पर संवेदनशील क्षेत्रों में ऋण आवंटन भी दुरुस्त करना होगा।

पत्र में कहा गया है, 'इस खंड में एनबीएफसी के लिए सुझाए गए उपायों के अलावा इस पहलू पर भी विचार किया गया कि अर्थव्यवस्था के दूसरे खास खंडों में भी आवंटन की सीमा तय की जानी चाहिए या नहीं। एनबीएफसी की खास प्रकृति होने के कारण दूसरे अहम क्षेत्रों पर आंतरिक आवंटन सीमा का निर्धारण करने की जिम्मेदारी इनके निदेशक मंडल पर होगी।' जहां तक उच्च श्रेणी की बात है तो यह रिक्त रहना चाहिए लेकिन आरबीआई हालात का आकलन करते हुए इसमें ऊपरी श्रेणी की एनबीएफसी ला सकता है। पत्र के अनुसार,'इस श्रेणी की एनबीएफसी पर पूंजी से जुड़ी कड़ी शर्तें लागू होंगी। इन एनबीएफसी के साथ उच्च स्तर की निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।'

कुछ दूसरी अहम बातों में परिचर्चा पत्र में कहा गया है कि 10 या इससे अधिक शाखाओं वाली एनबीएफसी को कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) व्यवस्था अपनानी होगी। एनबीएफसी को व्यवस्थागत लिहाज से अहम श्रेणी में डालने के लिए निर्धारित सीमा 500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये की जानी चाहिए। जमा राशि नहीं लेने वाली 9,425 एनबीएफसी में 9,133 एनबीएफसी का परिसंपत्ति आकार 500 करोड़ रुपये से कम है। लिहाजा अगर सीमा बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये की जाती है तो इस श्रेणी में एनबीएफसी की संख्या बढ़कर 9,209 हो जाएगी, जिससे आधार स्तर (बेस लेयर) में इनकी तादाद बढ़ जाएगी।


**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उद्यम
*एक परिवार एक बैंक*

**निरीक्षण व लेखा परीक्षा विभाग**
**प्रधान कार्यालय :** लोकमंगल, 1501, शिवाजी नगर,पुणे - 411005
2021 जनगणना से जन कल्याण

**एएक्स1/निरी./आईएसए/04/इएक्सटी/2020-21** **21/01/2021**

**आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य (निरीक्षण विभाग) की स्वतंत्र व्यापक समीक्षा के लिए कोटेशन हेतु अनुरोध**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, प्रधान कार्यालय, पुणे आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य (निरीक्षण विभाग) की स्वतंत्र व्यापक समीक्षा करने के लिए फर्मों / कंपनियों / संगठनों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है।
विवरण और RFQ दस्तावेज़ बैंक की वेबसाइट **https://www.bankofmaharashtra.in** पर **21.01.2021** से निविदा खंड में उपलब्ध होगा।
बैंक बिना कोई कारण बताए RFQ प्रक्रिया को रद्द करने या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
**सहायक महाप्रबंधक, निरीक्षण व लेखापरीक्षा विभाग**

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद-500 028
फोन नं. 0091-4023538710/770, 23538713 से 23538721
एक्स: 138/270/249, फैक्स : 23538781/23538711 CIN : L13100TG1958G01001674
ई-मेल : csreddy@nmdc.co.in; bmkumar@nmdc.co.in, jpsingh@nmdc.co.in

**खुली निविदा सूचना**

**निविदा सं. एचक्यूएमएम/3012-18/00LN31/292** **दिनांकित : 22.01.2021**
एनएमडीसी लिमिटेड, डीआईओएम, डोनीमलाई कॉम्पलेक्स, बेल्लारी (जिला) कर्नाटक (राज्य)-भारत के लिए आवश्यक निम्नलिखित उपकरण के लिए भारत में प्रख्यात निर्माताओं से सीधे अथवा उनके मान्यता प्राप्त एजेंटों से ई-प्रापण माध्यम से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित हैं।

| विवरण | मात्रा (नं.) | निविदा दस्तावेज का प्रदर्शन एवं बिक्री अवधि | प्रस्ताव जमा करने हेतु अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| अनुलग्नक-III में वर्णित तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार EX1200 V मॉडल टाटा हिताची एक्सकेवेटर के लिए उपयुक्त नया इंजन सहायक उपकरण | 01 | दिनांक 23.01.2021 से दिनांक 23.02.2021 | दिनांक 23.02.2021 अपराह्न 2.30 बजे (आईएसटी) |

पूर्ण निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.nmdc.in के निविदा सेक्शन** में; **www.mstcecommerce.com/eprochome; https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है।
यदि उपर्युक्त निविदा में कोई संशोधन होता है तो यह केवल हमारी वेबसाइट **www.nmdc.co.in** पर अपलोड किया जायेगा और अन्यत्र प्रकाशित नहीं होगा। संभावी निविदाकार शुद्धि यदि कोई हो, की जानकारी के लिए समय-समय पर उपरोक्त NMDC की वेबसाइट देखते रहें।
अधिकर जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट : www.nmdc.co.in के अंतर्गत निविदा सेक्शन में लॉगिन करें।
**मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री)**



बिज़नेस स्टैंडर्ड
चंडीगढ़ संस्करण

**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं-22 व 49 ग्राउंड फ्लोर, फेज़-II, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकुला-134115, हरियाणा से मुद्रित एवं एससीओ 861, एनएसी, मनी माजरा,चंडीगढ़-160101 से प्रकाशित**
**संपादक: कैलाश नौटियाल**

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57007 पर एसएमएस करें SUB BS



डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै० बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।

कोई हवाई अधिभार नहीं


## अदाणी टोटाल गैस व टॉरंट गैस ने ली आईजीएक्स में हिस्सेदारी

**त्वेष मिश्रा**
नई दिल्ली, 22 जनवरी

**अदाणी** टोटाल गैस और टॉरंट गैस ने इंडियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) की 5-5 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। अधिकारियों के मुताबिक, 5-5 फीसदी हिस्सेदारी के लिए दोनों कंपनियों ने 3.69-3.69 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

आईजीएक्स, इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक है। यह देश का पहला गैस एक्सचेंज है, जिसे गैस एक्सचेंज रेग्युलेशन 2020 के तहत पेट्रोलियम व नैचुरल गैस रेग्युलेटरी बोर्ड यानी पीएनजीआरबी से मान्यता मिली हुई है। आईजीएक्स के मुताबिक, एक्सचेंज के अब 16 सदस्य हैं और 500 से ज्यादा पंजीकृत क्लाइंट। आईजीएक्स ने एक बयान में कहा, हजीरा व दहेज (गुजरात) और आंध्र के केजी बेसिन में तीन केंद्र के साथ आईजीएक्स जून 2020 में लॉन्च के बाद से 75,000 मिलियन बीटीयू गैस की ट्रेडिंग कर चुका है। एक्सचेंज की योजना दो नए केंद्र - एक दाभोल और एक पश्चिम बंगाल में केंद्र बनाने की है। यह नियामकीय मंजूरी पर निर्भर करेगा। हिस्सेदारी बिक्री पर टिप्पणी करते हुए आईजीएक्स के निदेशक राजेश के मेदीरत्ता ने कहा, हमें अदाणी टोटाल गैस व टॉरंट गैस को साझेदार बनाने पर खुशी है। हम मिलजुलकर काम करेंगे क्योंकि आईजीएक्स भारत के गैस बाजार को विकसित करने में अहम भूनिका निभाना चाहता है। अदाणी टोटाल गैस के मुख्य कार्याधिकारी सुरेश पी मंगलानी ने कहा, इंडियन एनर्जी एक्सचेंज ने भारत में बिजली ट्रेडिंग के बाजार में काफी बदलाव किया है। इसी तरह इंडियन गैस एक्सचेंज आगामी वर्षों में देश के गैस क्षेत्र को बदलने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है। टॉरंट गैस के निदेशक जिनल मेहता ने कहा, आईजीएक्स में टॉरंट का निवेश भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ाने की हमारी रणनीति के मुताबिक है, जो देश का पहला डिलिवरी आधारित गैस एक्सचेंज है।

# उपभोक्ता कंपनियों के मार्जिन पर दबाव

**अर्णव दत्ता**
नई दिल्ली, 22 जनवरी



- विभिन्न श्रेणियों में लागत बढ़ने से बढ़ी चिंता
- दाल, खाद्य तेल, दूध आदि के दाम 8 से 15 फीसदी बढ़े
- खाद्य एवं पर्सनल केयर श्रेणियों में कीमत बढ़ने की आशंका
- फ्लैट पैनल के दाम 200 फीसदी बढ़ने से टीवी होगी महंगी
- प्लास्टिक के दाम बढ़ने से वाशिंग मशीन एवं छोटे अप्लायंस के बढ़ेंगे दाम

**पिछले** साल कोविड वैश्विक महामारी के कारण कारोबारी योजनाएं प्रभावित हुई थीं तो नए साल में कच्चे माल की कीमतों में तेजी से उपभोक्ता वस्तु बनाने वाली कंपनियां परेशान हो रही हैं। कई प्रकार की वस्तुओं और कच्चे माल के महंगा होने से विभिन्न श्रेणियों में कीमत बढ़ाने के अलावा विनिर्माताओं के पास अब कोई अन्य विकल्प नहीं दिख रहा है।

लॉकडाउन के खत्म होने के बाद शुरुआती दिनों में मांग में उल्लेखनीय तेजी दिखी थी और विनिर्माताओं को अगली कुछ तिमाहियों तक उसे बरकरार रहने की उम्मीद थी। हालांकि अधिकतर श्रेणियों के लिए त्योहारी बिक्री उत्साजनक रही लेकिन नवंबर के बाद से इनपुट लागत में लगातार वृद्धि होने के कारण विनिर्माताओं की चिंता बढ़ गई है।

खाद्य तेल, दूध और दालों से लेकर टेलीविजन (टीवी) सेट और स्मार्टफोन तक विभिन्न आवश्यक वस्तुओं के लिए ग्राहकों को आगामी महीनों में अधिक खर्च करने पड़ सकते हैं। इन श्रेणियों में लागत इतनी बढ़ गई है कि अकेले विनिर्माता उसे वहन करने में समर्थ नहीं हैं। उदाहरण के लिए खाद्य तेल को ही लेते हैं। देश के व्यापक खाद्य उत्पाद बाजार की इस सबसे बड़ी श्रेणी में 5 से 10 फीसदी के दायरे में मूल्य वृद्धि की गई है क्योंकि 2020 के मध्य से अब तक कच्चे माल की कीमतों में 10 फीसदी से अधिक की तेजी आई है।

डेयरी व्हाइटनर, दूध आधारित पेय, आइसक्रीम, और कन्फेक्शनरी जैसे पैकेटबंद तमाम उत्पादों के लिए एक प्रमुख सामग्री के तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले मिल्क पाउडर की कीमतों में दो अंकों में वृद्धि दर्ज की गई है। इससे नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अमूल जैसी प्रमुख कंपनियों के मार्जिन पर दबाव बढ़ने की आशंका है।

मैरिको के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) पवन अग्रवाल के अनुसार, मार्जिन को मौजूदा स्तर पर बरकरार रखने के लिए कंपनी ने व्यापक तौर पर लागत घटाने की योजना शुरू की है। उन्होंने कहा, 'जुलाई से सितंबर के दौरान हमने एऐंडपी खर्च में कटौती की है और मौजूदा पहल का उद्देश्य लागत में 150 करोड़ रुपये की कटौती करना है।'

आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी डाबर जड़ी-बूटियों जैसे कच्चे माल की कीमतों में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की है। कंपनी अपने विभिन्न उत्पादों में इन जड़ी-बूटियों का बड़े पैमाने पर उपयोग करती है। डाबर इंडिया के सीएफओ ललित मलिक, सीएफओ, ललित मलिक ने कहा, 'हम लागत में कटौती और तालमेल बिठाते हुए कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के भार का वहन करने की कोशिश करेंगे। हम केवल चयनात्मक और विवेकपूर्ण मूल्य वृद्धि करेंगे जो बाजार में प्रतिस्पर्धी परिदृश्य पर भी निर्भर करेगी।'

कच्चे माल में तेजी का असर केवल खाद्य एवं पर्सनल केयर श्रेणियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां भी इससे चिंतित दिख रही हैं।

नोटबुक, टीवी, होम अप्लायंसेज और स्मार्टफोन जैसी आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुएं बनाने वाली कंपनियां भी लागत और कीमत में सामंजस्य बिठाने की कोशिश कर रही हैं। टीवी पैनल की कीमतों में 200 फीसदी की वृद्धि के साथ ही कई कंपनियों ने अतिरिक्त बोझ को उपभोक्ताओं के कंधों पर डालना शुरू कर दिया है।

सुपरप्लास्ट्रोनिक्स के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) अवनीत सिंह मारवाह के अनुसार, कोडक और थॉमसन स्मार्ट टीवी की 32 इंच श्रेणी में कीमतें पहले ही 50 फीसदी से अधिक बढ़ चुकी हैं। उन्होंने कहा, 'वैश्विक पैनल बाजार को छह प्रमुख कंपनियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है जो कीमतों को भी नियंत्रित करते हैं। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि सीमा शुल्क को शून्य किया जाए।'

विनिर्माताओं का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंसेज में उपयोग किए जाने वाले प्रीमियम प्लास्टिक्स की कीमत में 100 फीसदी की वृद्धि होने से लागत का काफी बढ़ गई है। पैनासोनिक के अध्यक्ष एवं सीईओ (भारत एवं दक्षिण एशिया) मनीष शर्मा ने कहा, 'जनवरी में कीमतों में 6 से 7 फीसदी की वृद्धि हुई है और अप्रैल से जून तिमाही के अंत तक वह 10 से 11 फीसदी बढ़ सकती हैं।'